ई-न्यूज

# 24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 232



## महाराष्ट्र चुनाव- भाजपा की दूसरी लिस्ट में 22 नाम:सिर्फ एक ही महिला को टिकट; पहली लिस्ट में 99 नाम थे



**24 न्यूज अपडेट**

मुंबई. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने शनिवार शाम अपनी दूसरी लिस्ट जारी की। इसमें 22 उम्मीदवारों के नाम हैं। पार्टी ने पहली लिस्ट में 99 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। अब तक 121 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान हो चुका है। पार्टी की दूसरी लिस्ट में केवल एक महिला उम्मीदवार है। नासिक मध्य से पार्टी ने देवयानी सुहास फरांदे को टिकट दिया है। दूसरी लिस्ट एसटी की 3 और एससी की 2 सीटें हैं।

महायुति में शामिल भाजपा 121, शिवसेना शिंदे 35 और एनसीपी अजित 38 यानी 194 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजित की अभी एक-एक लिस्ट जारी हुई है।

### बीजेपी की पहली लिस्ट में 99 नाम

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 अक्टूबर को बीजेपी ने 99 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की थी। इनमें 6 सीटें एसटी और 4 सीटें एससी के लिए थीं। वहीं, 13 सीटों पर महिलाओं को टिकट दिया गया था। लिस्ट में 79 मौजूदा विधायकों को दोबारा टिकट मिला। सभी 10 मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर भी चुनाव लड़ेंगे। 5 विधायकों के टिकट कटे हैं। सूची में किसी मुस्लिम प्रत्याशी का नाम नहीं था।

मुंबई में 16 विधायकों में से 14 को दोबारा टिकट दिया। 2019 में भाजपा का समर्थन करने वाले 3 निर्दलीय विधायकों को भी टिकट मिला है। डिप्टी CM देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से, महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले कामठी से लड़ेंगे। मई महीने में लोकसभा चुनाव हारे दो नेताओं सुधीर मुनगंटीवार को बल्लारपुर विधानसभा और मिहिर कोटेचा को मुलुंड सीट से टिकट मिला है। इसके अलावा मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार को बांद्रा पश्चिम से और उनके भाई विनोद शेलार को मलाड पश्चिम से टिकट मिला है।

## इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी:सोना 605 रुपए बढ़कर 78,015 रुपए पर पहुंचा, चांदी 95,800 रुपए प्रति किलो बिक रही



**24 न्यूज अपडेट**

इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 19 अक्टूबर को सोना 77,410 रुपए पर था, जो अब (26 अक्टूबर) को 78,015 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 605 रुपए बढ़ी है।

वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को ये 92,283 रुपए पर थी, जो अब 95,800 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस हफ्ते इसकी कीमत 3,717 रुपए बढ़ी है। इससे पहले इसी हफ्ते 23 अक्टूबर को सोने ने 78,703 रुपए और चांदी ने 99,151 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,440 रुपए है।

मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,290 रुपए है।

कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 73,600 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 80,290 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,290 रुपए है।

भोपाल : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,340 रुपए है।

## फ्लाइट्स के बाद अब होटलों को बम की धमकी:गुजरात के 10 और आंध्र प्रदेश के 2 होटल को मेल मिला, जांच में फेक निकला

**24 न्यूज अपडेट**

हैदराबाद. गुजरात और आंध्र प्रदेश के 12 होटलों को शनिवार को बम की धमकी वाले मेल भेजे गए। गुजरात के राजकोट में मौजूद 10 होटलों को मेल भेजा गया। इनमें इंपीरियल पैलेस, सयाजी होटल, सीजंस होटल, होटल ग्रैंड रीजेंसी जैसे फेमस होटल शामिल हैं। राजकोट पुलिस की बम-डॉग स्क्वॉड की टीमें होटलों की जांच की। सायबर सेल ई-मेल की जांच में जुटी। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में 2 होटलों राज पार्क होटल और पाई वायसरॉय होटल को मेल भेजा गया, जिसके बाद दोनों होटलों को खाली कराया गया। दोनों होटलों में बम और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। अधिकारियों ने कहा कि बम की धमकी वाला मेल झूठा है। इंडिया टुडे के मुताबिक, तिरुपति के होटलों को भेजे गए मेल में लिखा था- IED बम चंद्रबाबू नायडू की कार से जुड़ा है। अफजल गुरू फिर जिंदा होगा। मेल में तमिलनाडु के DGP, डिप्टी CM उदयनिधि स्टालिन की पत्नी और ISI का जिक्र था।



तिरुपति के होटल के मेल में लिखा था- सल्फर से बना IED बम है

मेल में लिखा था कि होटल की पाइपलाइन में सल्फर से बना IED बम रखा गया है। मेल में आगे लिखा था कि सुबह 10.35 बजे तक होटल खाली करें। बम का डिएक्टिवेशन कोड 4566 है। ये सिस्टम गैलिलियो नाम के ऐप से चलता है।

## ICICI बैंक का दूसरी तिमाही में मुनाफा 14% बढ़ा:नेट इंटरेस्ट इनकम 9.5% बढ़कर 20,048 करोड़ रही, एक साल में शेयर ने 38% रिटर्न दिया




**24 न्यूज अपडेट**

देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक ICICI का जुलाई-सितंबर तिमाही में स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 14% बढ़कर 11,746 करोड़ रहा। पिछले साल की समान तिमाही में ये 10,261 करोड़ रहा था।

हालांकि, तिमाही आधार पर बैंक का नेट प्रॉफिट 6.21% बढ़ा है। पिछली तिमाही (Q1FY25) में बैंक का मुनाफा 11,059 करोड़ रुपए रहा था। ICICI ने शनिवार (26 अक्टूबर) को Q2FY25 यानी फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किए हैं।

ICICI बैंक की टोटल इनकम 17.24% बढ़ी वहीं सितंबर तिमाही में बैंक की टोटल इनकम सालाना आधार पर 17.24% बढ़कर 47,714 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में 40,697 करोड़ रुपए रही थी। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की इनकम 3.73% बढ़ी है। पिछली तिमाही में बैंक की टोटल इनकम 45,997 करोड़ रुपए रही थी।

### नेट इंटरेस्ट इनकम 9.5% बढ़कर 20,048 करोड़

सितंबर तिमाही में ICICI बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम (NII) सालाना (YoY) आधार पर 9.5% बढ़कर 20,048 करोड़ रुपए रही। पिछले साल की समान तिमाही में ये 18,308 करोड़ रुपए रही थी। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम 2.53% बढ़ी है। पिछली तिमाही में बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम 19,553 करोड़ रुपए रही थी।

### एक साल में ICICI बैंक के शेयर ने 38% रिटर्न दिया

एक दिन पहले यानी शुक्रवार को ICICI बैंक का शेयर 0.55% बढ़कर 1,259 रुपए पर बंद हुआ। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 8.85 लाख करोड़ रुपए हो गया है। बीते छह महीने में बैंक के शेयर ने अपने निवेशकों को 13.69% रिटर्न दिया है। वहीं एक साल में बैंक का शेयर 38.62% चढ़ा है।

## कोल्डप्ले-दिलजीत के कॉन्सर्ट्स के टिकट स्कैम पर ED का एक्शन:दिल्ली, मुंबई, जयपुर समेत 5 शहरों में छापा मारा, मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज



**24 न्यूज अपडेट**

पंजाबी पॉप सिंगर दिलजीत दोसांझ और ब्रिटिश रॉक बैंड कोल्डप्ले के अपकमिंग कॉन्सर्ट के टिकट की कालाबाजारी पर एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ED) ने शनिवार को 5 राज्यों में 13 लोकेशन पर छापेमारी की। जांच एजेंसी ने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस भी दर्ज किया है।

ED ने बताया कि पिछले शुक्रवार रात से दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक और पंजाब के 13 लोकेशन पर तलाशी ली गई। इस इन्वेस्टिगेशन के बाद एजेंसी ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत क्रिमिनल केस दर्ज किया गया है। ईडी ने छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, लैपटॉप और सिम कार्ड जब्त किए।

सिंगर दिलजीत का कॉन्सर्ट 26 और 27 अक्टूबर को दिल्ली के जवाहर लाल स्टेडियम में होगा। वहीं, कोल्डप्ले कॉन्सर्ट जनवरी 2025 में नवी मुंबई में होगा।

### फैंस को नकली टिकट बेचे, कालाबाजारी हुई... समझें पूरा मामला

आरोप है कि इन कॉन्सर्ट के टिकट की पहले तेजी से बिक्री शुरू की गई। कई फैंस को नकली टिकट मिले। कई लोगों को ब्लैक में कई गुना ज्यादा कीमत पर टिकट बेचे गए। धोखाधड़ी के मामले सामने आने के बाद 10 से ज्यादा राज्यों में एफआईआर दर्ज की गई। बुक माय शो एप ने भी 2 अक्टूबर को FIR दर्ज कराई। इसमें ऐसे लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई, जो गैरकानूनी ढंग से इंस्टाग्राम और फर्जी वेबसाइट्स से टिकट को ऊंचे दामों में बेच रहे थे। इसके बाद ईडी ने जांच शुरू की। इनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी खंगाले जाएंगे

जांच एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों से कितनी इनकम की जा रही है। आम तौर पर, इस तरह के कॉन्सर्ट के टिकट जोमैटो, बुक माय शो एवं अन्य एप और प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होते हैं। हालांकि जब कॉन्सर्ट की मांग बहुत ज्यादा होती है तो ये टिकट जल्दी बिक जाते हैं और फिर शुरू होता है ब्लैक मार्केटिंग वालों का काम। ईडी अपनी जांच में इंस्टाग्राम, वॉट्सएप और टेलीग्राम के जरिए इन टिकटों की कालाबाजारी करने वालों का भी पता लगाने में जुटी हुई है।

## प्रियंका बोलीं- राहुल और वायनाड के रिश्ते को मजबूत करूंगी



**24 न्यूज अपडेट**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड के लोगों को ओपन लेटर लिखकर कहा- मैं राहुल और वायनाड के रिश्ते को मजबूत करूंगी। उन्होंने X पर शेयर किए गए लेटर में लिखा- जन प्रतिनिधि के रूप में यह मेरी पहली यात्रा रहेगी, लेकिन फाइटर के रूप में यह मेरी पहली यात्रा नहीं होगी।

लोकसभा चुनाव 2024 में राहुल गांधी ने केरल की वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने गांधी परिवार की पारंपरिक रायबरेली सीट को चुना और वायनाड छोड़ दी।

इसके बाद कांग्रेस ने राहुल की बहन प्रियंका गांधी को टिकट दिया। प्रियंका पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने उनके खिलाफ नाव्या हरिदास को उतारा है। यहां 13 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे।

## संपादकीय : हताशा में हमला

जम्मू-कश्मीर में लंबे समय के बाद लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव कराए गए और वहां की जनता की चुनी हुई सरकार सत्ता में आई। यह उम्मीद की गई कि वहां अब लोकतंत्र की नई बयार बहेगी और स्थानीय लोगों को अपनी अन्य समस्याओं के साथ सबसे बड़ी चुनौती आतंकवाद से राहत मिलने का रास्ता खुलेगा। मगर जम्मू- कश्मीर में सरकार के गठन के बाद आतंकवादी संगठनों ने जिस तरह सुनियोजित तरीके से लगातार हमला करना शुरू कर दिया है, उससे ऐसा लगता है कि इन हमलों के जरिए वे यह संदेश देना चाह रहे हैं कि वहां सरकार का स्वरूप चाहे जो हो, मगर आतंकवादी उसके सामने चुनौती खड़ी करेंगे। यों प्रदेश में आतंकी हमले कभी कम कभी ज्यादा के स्वरूप में होते रहे हैं, लेकिन हाल में लगातार लक्ष्य बना कर हत्या करने से लेकर सुरक्षा बलों पर हमले जैसी कई घटनाएं सामने आईं। इससे साफ लगता है कि आतंकवादी समूह अब हताशा के गर्त में गहरे डूब कर बेलगाम हो रहे हैं। गौरतलब है कि गुरुवार को सेना के एक वाहन पर आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया, जिसमें दो जवान शहीद हो गए और उस टुकड़ी के साथ कुली का काम करने वाले दो अन्य लोगों की भी जान चली गई। कई लोगों को बुरी तरह घायल अवस्था में अस्पतालों में दाखिल कराया गया। दूसरी ओर, त्राल इलाके में एक प्रवासी मजदूर पर भी गोलीबारी की गई, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। इससे पहले हाल ही में 20 अक्तूबर को गांदरबल और 18 अक्तूबर को शोपियां में आतंकियों ने लक्षित हमले करके सात लोगों की हत्या कर दी थी। जम्मू-कश्मीर में एक चुनी हुई सरकार के काम करना शुरू करने के बाद हाल के कुछ दिनों के दौरान आतंकवादियों ने जिस तरह लगातार लक्ष्य बना कर प्रवासी मजदूरों के साथ-साथ वहां के स्थानीय लोगों और सुरक्षा बलों की हत्या करना तेज कर दिया हैं, उससे एक अलग आशंका खड़ी होती है। आतंकी संगठनों के हमले में सुरक्षा बलों की शहादत हो रही है और प्रवासी मजदूरों की जान जा रही। ऐसा करके शायद यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि प्रदेश आतंकवाद से बुरी तरह प्रभावित है। और वहां के निवासी हमेशा जोखिम में हैं। हैरानी की बात यह है कि ये उन्हीं अलगाववादी संगठनों से जुड़े लोग हैं, जो वहां की आबादी के हित में लड़ाई लड़ने का दावा करते रहते हैं और स्थानीय लोगों को बरगलाने की कोशिश भी करते हैं। सवाल है कि आए दिन सुरक्षा बलों के शिविरों से लेकर अन्य राज्यों से रोजी-रोटी की तलाश में पहुंचे लोगों की हत्या करके उनका मकसद कैसे पूरा हो जाएगा या वे वहां किस तरह का भविष्य बनाएंगे ! हालांकि यह साफ है कि कश्मीर के इलाके में जैसे-जैसे उनकी जड़ कमजोर हो रही है, स्थानीय आबादी के बीच आतंकियों की जगह खत्म हो रही है और लोकतंत्र के प्रति समर्थन तेजी से बढ़ रहा है, वैसे-वैसे आतंकवादी संगठनों के बीच हताशा गहरा रही है। यह चुनावों के दौरान भी साफ दिखा कि जम्मू- कश्मीर में अलगाववादी राजनीति के असर या आतंकवाद के डर को धता बता कर आम लोगों ने बढ़-चढ़ कर मतदान किया और अपनी पसंद की सरकार बनाई। अब लोगों को यह भी उम्मीद है कि नई सरकार आतंक के माहौल से भी उन्हें छुटकारा दिलाएगी। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि केंद्र और जम्मू-कश्मीर की सरकार सुरक्षा बलों के साथ उ तालमेल बना कर प्रदेश में आतंकी तत्त्वों से निपटने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना और नई रणनीति पर काम करे।

## अंतरिक्ष कबाड़

दुनिया भर में धरती पर कचरे की वजह से प्रदूषण से लेकर अन्य गंभीर समस्याएं चुनौती बनी हुई हैं। मगर यह समस्या केवल धरती तक सीमित नहीं है। मनुष्य की गतिविधियां अंतरिक्ष में भी कचरा फैला रही हैं। विडंबना यह है कि इसकी चिंता वे बड़े देश भी नहीं कर रहे जो इसके लिए जिम्मेदार है। खासतौर पर अमेरिका, चीन, रूस और फ्रांस जैसे कुछ देशों ने जिस तरह प्रयो गों के मामले में होड़ मचाई है, उसी का नतीजा है कि आज अंतरिक्ष में हजारों टन कचरा पृथ्वी की कक्षा के लिए खतरा बन गया है। दूसरे ग्रहों पर जीवन और पानी खोज में या एक दूसरे की जासूसी के लिए सैन्य तथा दूरसंचार उपग्रह आज भी लगातार छोड़े रहे हैं। चिंता की बात है कि इनमें से ज्यादातर अपना निर्धारित समय पूरा होने के बाद कबाड़ में बदल जाते हैं। पृथ्वी की कक्षा में इनके आने से स्वाभाविक रूप से जोखिम बढ़ जाता है। इस समय अंतरिक्ष में बड़ी संख्या में निष्क्रिय उपग्रह और राकेट हैं जो आपस में टकरा कर न केवल अंतरिक्ष स्टेशन, बल्कि पृथ्वी के लिए भी खतरा बन सकते हैं। इस समय चार हजार तीन सौ टन उपग्रहीय कचरा मौजूद है। पचास के दशक में शुरू हुआ अंतरिक्ष युग का सुनहरा दौर एक बुरे सपने में बदल जाएगा, यह किसने सोचा था । पिछले दिनों एक अमेरिकी संचार उपग्रह के बीस टुकड़े में बंटने के बाद यह बहस हो रही है कि अब इसके कबाड़ का क्या होगा ? अंतरिक्ष में कचरे की पहचान करना और उन्हें नष्ट करना आज भी वैज्ञानिकों के लिए चुनौती है। जितनी बड़ी संख्या में अंतरिक्ष कबाड़ खिसकते हुए पृथ्वी की कक्षा में चले आए हैं, वह सचमुच डरावना है। यह कचरा धरती पर गिरा तो भारी तबाही मच सकती है। अमेरिकी संचार उपग्रह 'इंटेलसैट-33 ई' का अपनी कक्षा टूट जाना कोई सामान्य घटना नहीं। चिंताजनक यह है कि इसके मलबे के इतने हिस्से बने होंगे कि इसको देख पाना भी मुश्किल होगा। यह अकेली घटना नहीं है। इससे पहले भेजे गए कई उपग्रह प्रयोग में आने के बाद कबाड़ हो चुके हैं। नासा का कहना है कि बीस हजार से अधिक कबाड़ पृथ्वी की कक्षा में घूम रहे हैं। सवाल यह है कि जिन देशों की वजह से अंतरिक्ष में मलबा जमा हो रहा है, उनकी कोई जिम्मेदारी है कि नहीं ?

# जयपुर से मुंबई-दिल्ली के लिए रोजाना उड़ेंगी 16 फ्लाइट:रोजाना 70 फ्लाइट्स भरेंगी उड़ान; कोलकाता-इंदौर के लिए नई सेवा होगी शुरू



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर. जयपुर एयरपोर्ट पर अब रोजाना 70 फ्लाइट का संचालन किया जाएगा। 27 अक्टूबर से जयपुर एयरपोर्ट पर विंटर शेड्यूल लागू हो जाएगा। इसके तहत मुंबई के लिए 10 और दिल्ली, बेंगलुरु और कोलकाता के यात्रियों को रोजाना 6-6 फ्लाइट्स मिलेंगी। विंटर शेड्यूल में जोधपुर से 9 शहरों के लिए 14 फ्लाइट संचालित की जाएगी। किशनगढ़ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए नई फ्लाइट शुरू होगी। विंटर शेड्यूल के बाद जयपुर एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस की नई फ्लाइट शुरू होगी। जो जयपुर से रात 8:50 बजे कोलकाता जाएगी। इंदौर के लिए इंडिगो एयरलाइन की नई फ्लाइट शुरू होगी। जो सुबह 6:15 बजे जाएगी। विंटर शेड्यूल में नई फ्लाइट के संचालन के अलावा कुछ पुरानी फ्लाइट को बंद भी किया जाएगा। इनमें दिल्ली, बेंगलुरु की फ्लाइट शामिल है। फ्लाइट बंद और शुरू होने के अलावा कुछ फ्लाइट के टाइम में भी बदलाव होगा। इनमें पुणे, गुवाहाटी फ्लाइट शामिल है। अहमदाबाद और हैदराबाद के लिए रोजाना मिलेगी 5 - 5 फ्लाइट 27 अक्टूबर से अहमदाबाद और हैदराबाद के लिए रोजाना 5 - 5 फ्लाइट संचालित होगी। पुणे, चंडीगढ़, इंदौर के लिए रोजाना 3 - 3 फ्लाइट संचालित होगी। चेन्नई, लखनऊ, उदयपुर, देहरादून के लिए रोजाना 2 - 2 फ्लाइट संचालित होगी। गोवा, सूरत, गुवाहाटी, जोधपुर, बीकानेर, भोपाल, बेलगाम, कुल्लू के लिए 1 - 1 फ्लाइट संचालित की जाएगी।

### 63 घरेलू और 7 इंटरनेशनल फ्लाइट्स होगी शुरू

हर साल मार्च और अक्टूबर के अंतिम रविवार को फ्लाइट्स के शेड्यूल में बदलाव होता है। इस विंटर शेड्यूल के साथ ही जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 से इंटरनेशनल फ्लाइट भी शुरू हो जाएगी। विंटर शेड्यूल के शुरू होते ही जयपुर एयरपोर्ट से देश के 21 शहरों के लिए 63 घरेलू और 6 विदेशी शहरों के लिए रोजाना 7 फ्लाइट संचालित होंगी। इस बार कोलकाता, इंदौर, उदयपुर के लिए फ्लाइट की संख्या में बढ़ोतरी के साथ ही जयपुर-कुल्लू के लिए फ्लाइट की शुरुआत की जा चुकी है। विंटर शेड्यूल 29 मार्च तक जारी रहेगा। वर्तमान में यहां से रोजाना 65 फ्लाइट ही संचालित हो रही है। शेड्यूल में कोलकाता, इंदौर, बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई के लिए नई फ्लाइट शुरू होगी। आगरा, वाराणसी, बरेली, पंतनगर के लिए कोई फ्लाइट शुरू नहीं होगी। जोधपुर से रोजाना 14 फ्लाइट उड़ान भरेंगी विंटर शेड्यूल में जोधपुर से चेन्नई के लिए फिर से फ्लाइट शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही स्टार एयरलाइन ने जोधपुर -बेलगाम फ्लाइट बंद कर दी है। जोधपुर से रोजाना 14 फ्लाइट उड़ान भरेंगी। इस बार जोधपुर एयरपोर्ट से विंटर शेड्यूल में कोई भी नया शहर नहीं जुड़ा। ऐसे में जोधपुर से अब दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर, इंदौर, पुणे और हैदराबाद के लिए ही फ्लाइट उपलब्ध होगी। इनमें दिल्ली और मुंबई को छोड़कर सभी शहरों के लिए रोजाना एक-एक फ्लाइट है।

## महिलाएं कौशल विकास के माध्यम से बनें आत्मनिर्भर,ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव व निदेशक ने किया निरीक्षण



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 26 अक्टूबर। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका ) जयपुर के तत्वाधान में दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन होटल लेकेन्ड उदयपुर में किया गया। ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव पंकज यादव एवं एमओआरडी (कौशल) के निदेशक संतोष तिवारी ने को ऋषभदेव ब्लॉक का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्थान ग्रामीण विकास परिषद के अंतर्गत संचालित आशा राजीविका महिला सर्वांगीण विकास समिति ऋषभदेव की क्लस्टर स्तरीय बैठक में भाग लेकर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं से वार्ता की। ज्यादा से ज्यादा स्वयं सिद्धा समूह सदस्यों को कौशल विकास प्रशिक्षण ईडीपी के माध्यम से जोड़कर अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उनकी आजीविका संवर्धन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आईसीआईसीआई-आरसेटी के तत्वाधान में संचालित सब सेक्टर ऋषभदेव का भ्रमण कर कर्मचारियों को निर्देशित किया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षण उपलब्ध करवाकर उनकी आजीविका विकास एवं महिला सशक्तिकरण में अपना योगदान दें। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का निरीक्षण कर महिलाओं को इस कार्य को आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राज्यों से आए हुए आरसेटी डायरेक्टर्स ने भी भाग लिया।

## सरकारी अध्यापिका का आरोप, प्रिंसिपल ने किया दुष्कर्म, दोनों शादीशुदा, प्रिंसिपल शांतिभंग में गिरफ्तार!



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. भीलवाड़ा। भीलवाड़ा में गवर्नमेंट टीचर से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार दोनों शादीशुदा है। टीचर के साथ उसी के स्कूल के प्रिंसिपल पर दरिंदगी का आरोप लगाया है कि व कहा है कि उसने उसके फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी है। महिला टीचर की शिकायत पर शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। भीलवाड़ा के बड़लियास थाना क्षेत्र का यह वाकया है। पुलिस के अनुसार एक महिला अध्यापिका ने प्रिंसिपल के खिलाफ शिकायत देकर बताया कि वह और आरोपी प्रधानाचार्य दोनों एक ही नोडल में होने से एक साथ आते-जाते थे। इस दौरान उनकी आपस में बातचीत होने लग गई। एक दिन आरोपी उसके घर पहुंच गया और नजदीकियां बढ़ाने लगा। इस बीच किसी काम के लिए दोनों एक साथ बाहर गए तो प्रिंसिपल ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर उसको बेहोश कर दिया। इसके बाद उसका रेप कर दिया। फोटो व वीडियो बना लिए तथा उनको वायरल करने की धमकी दे दी व लागातार मिलने का दबाव बनाते हुए कई बार दरिंदगी कर ली। जब विरोध किया तो आरोपी लगातार परेशान करने लगा। प्रिंसिपल ने गुरुवार को भी स्कूल में मुझसे बदतमीजी करते हुए धक्का मुक्की की। प्रिंसिपल को शांति भंग में गिरफ्तार किया है।

## छोटीसादड़ी में कार में आए बदमाशों ने ज्वेलर को लूटा



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. छोटी सादड़ी। प्रतापगढ़ से जयपुर बस में सफर कर रहे एक सर्राफा व्यवसायी को लूटने का मामला सामने आया है। व्यापारी लबाना ट्रैवल्स की बस से जयपुर के लिए यात्रा कर रहा था। बताया गया कि यह बस छोटीसादड़ी के पास कृष्णा होटल पर रुकी तो व्यापारी भी शौच के लिए बस से नीचे उतर गया। इस दौरान पीछा कर रहे बदमाशों ने भी अपनी ब्रेजा कार को रोका और व्यापारी का जेवरों से भरा बैग छीन कर भाग गए। इस बैग में करीब 2 से 3 लाख रुपए के जेवरात बताए जा रहे है। यह पूरी घटना होटल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने व्यापारी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## श्रीनाथजी में दीपावली 31 को व अन्नकूट 1 को

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा की ओर से दीपावली पर्व 31 अक्टूबर व अन्नकूट उत्सव अगले दिन 1 नवम्बर को। मनाया जा रहा है। पुष्टिमार्ग की प्रधान पीठ श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा में इस बार दीपावली पर्व 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा जबकि एक नवम्बर को अन्नकूट उत्सव होगा। दो दिन अमावस्या होने के कारण संशय की स्थिति को स्पष्ट करते हुए श्रीनाथजी मंदिर की ओर से कल सूचना जारी की गई। मंदिर प्रशासन की ओर से कहा गया कि अमावस्या प्रदोष काल के समय अमावस्या प्राप्ति होने के कारण इस बार श्रीनाथजी मंदिर सहित सभी पुष्टिमार्ग की पीठों पर 31 अक्टूबर को दीपावली मनाई जाएगी। वहीं कांकरोली स्थित पुष्टिमार्ग की तृतीय पीठ में भी दीपावली व अन्नकूट उत्सव इसी तरह से मनाए जाएंगे।

## 31 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन करवाने वाले को 1 नवंबर को मिलेगा लाभ

24 न्यूज अपडेट

राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजना मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का लाभ प्रदेश में सभी जरुरतमंदों को मिल रहा है। योजना के तहत पंजीकृत परिवार को 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख तक का दुर्घटना बीमा मिल रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि जिनका पंजिकरण नहीं हुआ है या एक वर्ष पूरा हो गया है उनको 31 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन करवाने पर 1 नवम्बर से लाभ मिलने लग जायेगा। अतः जल्द से जल्द पंजिकरण करवाना चाहिए। पंजीकृत लोगों को केसलेस चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होती है।

## जांच शिविर में 188 बच्चों की फ्लोरोसिस की जांच



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामणिया ने बताया कि राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत आज मावली क्षेत्र के गांव घासा,दुर्गावतो का नोहरा,घासा खेडी और धोली मगरी के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 1 से 5 तक के 188 बच्चों की फ्लोरोसिस की जांच की गई । डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन ने बताया कि बच्चों को इससे बचाव व उपचार के बारे में बताया गया । बच्चों को तंबाकू , गुटखा आदि खाने से मुख और दांत में होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया एवं भविष्य में तंबाकू का सेवन नहीं करने के लिए शपथ दिलाई गई। पानी में फ्लोरोसिस के अधिक होने पर बच्चों के दांतों पर बुरा प्रभाव पड़ता है।दांत कमजोर हो जाते हैं। बच्चों में पेट संबंधी परेशानियां भी होने लगती है।शरीर में हड्डियां कमजोर हो जाती है। जिला फ्लोरोसिस सलाहकार सपना चौधरी ने गर्भवती महिलाओं को पोष्टिक भोजन लेने हेतु जागरूक किया।साफ पानी पीने को कहा। रक्त में आयरन की कमी नहीं हो इसके लिए हरी पत्तेदार सब्जियां और फल खाने को जागरूक किया। गांव के लोगों को फ्लोरोसिस से बचाव हेतु जागरूक किया गया। पानी साफ और स्वच्छ ताजा पीने के बारे में बताया। गांव से पानी के सैंपल लिए गए।

## वाजिब दाम पर मिलेंगी शुद्ध मिठाईयां, सरस स्वीट कॉर्नर का शुभारंभ



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 26 अक्टूबर। उदयपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ गोवर्द्धनविलास की ओर से आगामी दीपावली पर्व पर आमजन को वाजिब दाम में शुद्ध मिठाईयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उदयपुर सरस डेयरी के शबरी पार्लर में शनिवार को सरस स्वीट कॉर्नर का शुभारंभ किया गया। दुग्ध संघ उदयपुर के अध्यक्ष श्री डालचंद डांगी ने फीता काट कर सरस स्वीट कॉर्नर का उद्घाटन किया। इस दौरान आयोजित सादे समारोह में श्री डांगी ने बताया कि काउंटर पर सरस दूध से बनी मिठाई सरस पेडा, मावा और बीकानेर डेयरी के रसगुल्ले, गुलाबजामुन, सोनपापड़ी, राजभोग तथा अलवर डेयरी द्वारा निर्मित सरस कलाकंद आदि मिठाईयां उपभोक्ताओं को उचित दर पर उपलब्ध हो सकेंगी। सरस डेयरी के प्रबंध संचालक श्री विपिन शर्मा ने कहा कि इस तरह के चार और स्वीट कॉर्नर उदयपुर शहर की चुनिन्दा व प्राइम लोकेशन पर आगामी एक-दो दिन में प्रारंभ किए जाएंगे, ताकि आमजन को अपने आसपास के क्षेत्र से मिठाईयां उपलब्ध हो सकें। समारोह में दुग्ध संघ के अनुभाग प्रभारी, विपणन स्टाफ सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।


# टेस्टेड ओके नारा : भाजपा के बाद अब आरएसएस ने भी किया 'बंटेंगे तो कटेंगे' का 'पॉलिटिकल मंत्रजाप'




24 न्यूज अपडेट

जयपुर . हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर ने मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव की 24 न्यूज अपडेट. नेशनल डेस्क। लोकसभा चुनावों के बाद मंडल की कमंडल विचारधारा के आगे मंदी पड़ती धार को तेज करने के लिए भाजपा की ओर से व खास तौर पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की aओर से दिया गया नया नारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' अब आरएसएस का भी वैचारिक ब्रह्मास्त्र बन गया है। मथुरा के गऊ ग्राम में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हिंदू समाज एकता में नहीं रहेगा तो आजकल की भाषा में बंटेंगे तो कटेंगे हो सकता है। उन्होंने कहा- समाज में अगड़ा-पिछड़ा, जाति-भाषा में भेद करेंगे तो हम कटेंगे। इसलिए एकता जरूरी है। हिंदू समाज की एकता लोक कल्याण के लिए है। वह सबको सुख प्रदान करेगी। हिंदुओं को तोड़ने के लिए शक्तियां काम कर रही हैं। आगाह करना जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि हम सार्वजनिक संगठन हैं। हमारी किसी के साथ खींचतान नहीं। हम भाजपा, कांग्रेस, उद्योगपति सभी लोगों से मिलते हैं। हम चाहते हैं कि समाज में नफरत न हो। अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक के बाद आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि हिंदू समाज अपनी रक्षा करे और संगठित होकर रहे। वायनाड में लैंडस्लाइड हुई। 1000 स्वयंसेवक सेवा के लिए उतरे। हिंदू-मुस्लिम सबकी सामान रूप से मदद की गई। मुस्लिम लोगों की मृत्यु हुई तो उनकी मान्यताओं के अनुसार स्वयंसेवकों ने उनका अंतिम संस्कार किया। आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव में जब संविधान बचाओ व आरक्षण के नाम पर गोलबंदी की गई व विपक्षी दलों को इसमें कामयाबी मिल गई। आयोध्या सीट तक पर भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ गया तब नया नारा बंटोगे तो कटोगे गढ़ा गया। इसको हाल ही में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहली बार 27 अगस्त को आगरा में एंडोर्स किया व कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं। राष्ट्र तभी सशक्त होगा, जब हम एक होंगे। बांग्लादेश में देख रहे हैं न, वो गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए...बंटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे-नेक रहेंगे। इसके बाद पहले इसे भाजपा के कैडर में व्यापक रूप से अपनाया गया व सोशल मीडिया पर आईटी सेल ने इसको खूब धार देकर परखा। जब नारा टेस्टेड ओके हो गया तो दो महीने पहले महाराष्ट्र में एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसको अपनाया व कहा कि - उनका वोट बैंक तो एक रहेगा, लेकिन बाकी लोग आसानी से बंट जाएंगे। हमें याद रखना है कि अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे।

## दिल्ली में स्कूल के बाहर आतंकी पन्नू ने लिखवाए नारे- वो हिंदू आतंकवादी!!!




24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. नेशनल ब्यूरो। खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस की ओर से दिल्ली के व्हाइट लीफ पब्लिक स्कूल में प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा के पूर्व उच्चायुक्त संजय वर्मा के खिलाफ नारे लिखे हुए मिले हैं। आतंकी पन्नू ने इसके बारे में एक वीडियो जारी कर कहा कि सभी नारे उसने लिखवाए हैं। इसमें हिंदू आतंकवादी शब्द का प्रयोग किया गया है। आतंकी पन्नू ने एक न्यूज एजेंसी को दिए संजय कुमार वर्मा के इंटरव्यू के बाद यह प्रतिक्रिया दी है। इसमें उनहोंने कहा था कि कनाडा ने भारत को धोखा दिया। कनाडा की राजनीति में खालिस्तानी आतंकियों का असर है। निज्जर की हत्या के आरोप भी राजनीति से प्रेरित हैं। पन्नू ने वीडियो में वर्मा को चेतावनी दी व कहा कि वह खालिस्तान समर्थकों की निगरानी में हैं। वर्मा ने कनाडा की संप्रभुता को चुनौती दी और प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ प्रचार किया। पन्नू ने वर्मा पर निज्जर की हत्या का आरोप लगाया। कहा कि वर्मा के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वर्मा खालिस्तान समर्थक सिखों की निगरानी में रहेंगे। उनके खिलाफ 5 लाख डॉलर का बजट रखा गया है, ताकि उन्हें न्याय का सामना करना पड़े। आपको बता दें कि पन्न अपनी सत्ता व खौफ कायम रखने के लिए इस तरह की हरकतें करता रहता है। कुछ दिन पहले पन्नू ने एअर इंडिया में बम विस्फोट की भभकी दी थी। पिछले साल भी ऐसा ही किया था। दो दिन पहले उसने कनाडा में वीडियो जारी कर भारत से जान का खतरा बताया था।

## करौली में कलेक्टर के सामने पार्क में लटका मिला नायब तहसीलदार का शव



24 न्यूज अपडेट

करौली। करौली कलेक्ट्रेट के सामने सिटी पार्क में शनिवार सुबह नायब तहसीलदार का शव पेड़ से लटका मिला तो हड़कंप मच गया। सुबह पार्क में घूमने आए लोगों ने सबसे पहले शव को देखा तो हतप्रभ रह गएं तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। नायब तहसीलदार का 5 दिन पहले ही धौलपुर से करौली ट्रांसफर किया गया था। पुलिस के अनुसार नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह शव सिटी पार्क में फंदे से लटके मिले। कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जांच के दौरान मृत धोषित किया गया। कलेक्ट्रेट के सामने किराए के घर पर सुसाइड नोट मिला जिसमें लिखा-बीमारी के कारण परेशान हूं। जेब में रखे आधार कार्ड से नायब तहसीलदार की पहचान हुई। राजेंद्र भरतपुर की वैर तहसील में कानूनगो रहे। इसके बाद धौलपुर के बसई नवाब में नायब तहसीलदार बने। भरतपुर जिले के हलैना थाना इलाके के वाई गांव में रहने वाले थे। बड़े भाई अतर सिंह ने बताया कि दो बेटिय प्रीति (24) और अंजू (22) हैं। दोनों बेटियां पढ़ रही हैं। पूरा परिवार इस घटना के बाद से सदमे में है। राजेंद्र को कोई पारिवारिक या आर्थिक समस्या नहीं थी।

## रोडवेज ने डीजल औसत में सुधार कर बचाया, 8 हजार 431 लीटर डीजल



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट.जयपुर। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम अध्यक्ष श्रीमती शुभ्रा सिंह के निर्देशन में निगम नित नए सकारात्मक प्रयास कर रहा है, जिससे निगम के राजस्व अर्जन में तो वृद्धि हो ही रही है आमजन को मिलने वाली सुविधाओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। निगम के ऐसे ही एक प्रयासों से 20 सितंबर 2024 से एक माह की अवधि में डीजल केएमपीएल (किलोमीटर प्रति लीटर) 5.03 से 5.28 लाने से 8 हजार 431 लीटर डीजल की बचत की गई है। डीजल औसत में सुधार से निगम को गत एक माह के खर्चे में 1.34 करोड रुपए की बचत हुई है। निगम अध्यक्ष शुभ्रा सिंह एवं प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा द्वारा डीजल केएमपीएल में सुधार लाने के लिए दैनिक प्रभावी मॉनिटरिंग की जाकर समग्र रणनीति बनाई गई। रणनीति के तहत कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। पुरानी बसों के स्थान पर नई बसों का प्रतिस्थापन किया गया। जोनल इंजीनियरों एवं संचालन व्यवस्था से जुड़े कार्मिकों को प्रोत्साहित किया गया। इकाई स्तर पर प्रबंधक संचालक द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए प्रत्येक बस की समय पर समग्र मेंटेनेंस की गई एवं आवश्यक पार्ट्स समय पर उपलब्ध करवाए गए ताकि डीजल औसत में सुधार हो सके। आगार स्तर पर उत्साह वर्धन के लिए अच्छा केएमपीएल लाने वाले स्टार ड्राइवर और अन्य चालकों को प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है

## पुरानी मिठाइयां नष्ट करवाकर सैंपल लिए, मरे हुए चूहे की आ रही थी बदबू



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 25 अक्टूबर। खाद्य सुरक्षा आयुक्त श्री इकबाल खान के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जयपुर में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई। गोपालपुरा बाईपास पर पावणा मिष्ठान भंडार पर निरीक्षण के दौरान पुरानी मिठाई मिली, जिसको नष्ट कराया गया। साथ ही, यहां जमीन पर खाद्य सामग्री बनाने और गंदगी जैसी अनेक अनियमितताएं मिलीं। केक वर्ल्ड, गोपालपुरा बाईपास पर एक्सपायरी डेट के ढेर सारे रंग पाए गए। यहां गंदी ट्रे में खाद्य सामग्री तैयार की जा रही थी। साथ ही, मरे हुए चूहे की बदबू आ रही थी। खुले में सामग्री रखी हुई थी। जयपुर कोल्ड स्टोरेज, महापुरा रोड, महिंद्रा सेज में तैयार बर्फ केक वर्ल्ड पर मिली, जिस पर 1 नवंबर, 2024 की मैन्यूफैक्चरिंग डेट लिखी हुई थी। इस फैक्ट्री को पूर्व में भी विभाग के द्वारा बंद करवाया गया था। जयपुर कोल्ड स्टोरेज द्वारा बर्फ का निर्माण कर पूरे जयपुर में बिना बिल और बिना चालान के सप्लाई किए जाने की जानकारी मिली है। केक वर्ल्ड के मालिक ने बताया कि फैक्ट्री संचालक बिल नहीं देता है, इसलिए उनके पास बिल की कॉपी उपलब्ध नहीं है। चालान की प्रति मांगे जाने पर वह भी नहीं पाई गई। जीएसटी सहित अन्य टैक्स की चोरी का भी मामला प्रतीत होता है, संबंधित विभागों को सूचित किया जा रहा है। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री दीपक सिंधी, श्री नंद किशोर एवं श्री राजेश नागर आदि शामिल रहे।

इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम की टीम द्वारा महेश नगर में ब्रज वाटिका स्वीट्स पर निरीक्षण कर लगभग 150 किलो खराब मिठाई नष्ट करवाई गई और सैंपल लेकर नोटिस दिया गया। ओम मिष्ठान भंडार, महेश नगर में भी निरीक्षण कर सेम्पल लिया गया और इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया। महेश नगर में ही दादू दयाल मिष्ठान भंडार पर भी निरीक्षण कर इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। सभी खाद्य विक्रेताओं को साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# बूथ जीतो, चुनाव जीतो, सलूंबर विधानसभा उपचुनाव में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने को बीजेपी का नया प्लान, जहाजपुर विधायक सहित कई पदाधिकारी उतरे मैदान में



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में सातों सीटें जीतने का लक्ष्य तय करने वाली बीजेपी बूथ मैनेजमेंट पर खासा जोर दे रही है. इसके लिए पार्टी ने हर बूथ पर बूथ कमेटी का गठन किया है और हर बूथ पर मतदाता सूची के जरिए हर घर के एक-एक मतदाता की पहचान की जा रही है ।पार्टी बूथ समिति के सदस्यों और कार्यकर्ताओं के समूहों को भी प्रेरित करने का प्रयास कर रही है ताकि मतदाताओं को समूहों में अपने घरों से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया जा सके.

## बीजेपी वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने में जुटी

विधानसभा चुनाव में पिछली बार की तुलना में सलूंबर विधानसभा क्षेत्र में कम मतदान से सतर्क बीजेपी अब उपचुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपने बूथ प्रबंधन को मजबूत करने में लग गई है । नामांकन के बाद सलूंबर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में पार्टी मतदाताओं को घर से निकलकर बूथ पर जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित करने के लिए बूथ कार्यकारिणी को फिर से सक्रिय करने में लग गई है । जिसके लिए सलूंबर नगर क्षेत्र की जिम्मेदारी जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा को दी गई है। विधायक ने अपनी टीम के साथ सलूंबर नगर क्षेत्र के 13 बूथ पर कार्यकारिणी से चर्चा की। विधायक ने सभी कार्यकारिणी के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी है । विधायक गोपी चंद मीणा ने बताया कि जीत के लिए बूथ को मजबूत करना जरूरी है । सलूंबर नगर के 13 बूथ की कार्यकारिणी की लगातार बैठक ली जा रही है ।

# इकराम कुरैशी सलूंबर विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी नियुक्त



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सलूंबर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी अपना दमखम लगा रही है और हर वर्ग के वोटर को साधने की कोशिश में जुटी है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशन में अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष हामिद खान मेवाती ने पूर्व प्रदेश महामंत्री इकराम कुरैशी को सलूंबर विधानसभा में होने वाले उप चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया है। पहले भी इकराम कुरैशी विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में विभिन्न जिलों में और विधानसभा में प्रभारी व पार्टी के लिए प्रचारक रह चुके हैं। इकराम कुरैशी सलूंबर विधानसभा उपचुनाव में अब अल्पसंख्यक मोर्चे की और से रणनीति बनाकर बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश में जुटेंगे। इकराम कुरैशी ने एबीवीपी से अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की थी, उसके बाद से अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रदेश महामंत्री के पद पर संगठन में कार्य कर चुके है।

# भाजपा सांसद व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का वल्लभनगर विधायक डांगी ने किया डबोक एयरपोर्ट पर स्वागत



24 न्यूज अपडेट

हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से सबसे चर्चित भाजपा सांसद व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत शनिवार को तीन दिवसीय उदयपुर प्रवास पर पहुंची, जहां डबोक एयरपोर्ट पर वल्लभनगर विधायक उदय लाल डांगी ने स्वागत किया, सांसद रनौत व विधायक डांगी की शिष्टाचार मुलाकात के साथ लंबी चर्चा भी हुई, जिसमें सांसद रनौत ने बताया कि वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र के जगत गांव में उनकी कुलदेवी माता जी का मन्दिर है ,जहां पर हर वर्ष दर्शन करने व परिवार संग आती रहती है, जिस पर विधायक डांगी ने कहा कि जगत गांव को आप गोद ले लो ,जिससे वहां पर अधिक विकास कार्य हो सके, जिस पर सांसद रनौत ने भी आश्वासन दिया कि जगत गांव के साथ ओर भी गांवों को गोद लेना पड़ेगा तो वो जरूर लेगी। जिस पर विधायक डांगी ने सांसद रनौत का आभार जताया।

# खुला मंच कार्यक्रम में रखी शिक्षकों ने खुलकर समस्याए




24 न्यूज अपडेट

राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला स्तरीय शिक्षक शैक्षिक सम्मेलन के दूसरे दिन आज खुला मंच कार्यक्रम रेजीडेंसी बालिका विधालय सभागार में आयोजन रखा गया जिसमें विभिन्न जिले भर से आए शिक्षकों ने खुलकर अपनी समस्याए रखी जिसमें प्रमुख रुप से तृतीय श्रेणी शिक्षको की डीपीसी, राजस्थान में लगभग 37000 अधिशेष शिक्षको के 3 बी करके समायोजित करना , कुक कम हेल्पर का मानदेय को बढ़ाकर 6000 करना, जर्जर विद्यालय भवन के लिए अलग से मद जारी करना ,शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करना ,एमडीएम का कार्य स्वयंसेवी संस्थाओं से कराने , सेवा पुस्तिका वर्ष में एक बार शिक्षकों को बताने , बालकों की प्रवेश आयु पूर्व की भांति पांच वर्ष करने , पेराटीचर एवं शिक्षाकर्मी संविदा कर्मी का मानदेय तृतीय श्रेणी अध्यापक के बराबर करने , महात्मा गांधी बाल वाटिका में जहां 75 बच्चे हैं वहां पर दो एनटीटी शिक्षकों को लगाने, पद विरुध लगे शिक्षकों को अभी तक ऑनलाइन कार्यग्रहण नहीं करवाया गया है उन्हें ऑनलाइन करवाया जाए ,वेतन विसंगति का निराकरण ,2004 के बाद भर्ती शिक्षकों को एनपीएस की राशि को उनके जीएफ खातों में जमा कराने आदि मुद्धो पर शिक्षक सुरेंद्र कुमार , कमलेश शर्मा , लीला प्रजापत, मुकेश पालीवाल, ब्लॉक गोगुंदा .वर्षा पुरोहित, विजेंद्र चौधरी ,भेरूलाल कलाल, हरीश शर्मा ,निमेष नेमा, गोपाल लक्षकार, सुरेश गरासिया, ने विभिन्न समस्याओं को रखा ।इसके पश्चात समापन समारोह का आयोजन किया गया समापन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान ने सभी को आश्वस्त किया कि विभिन्न स्तर की समस्याओं का समाधान सम्बंधित कार्यालय एवं राज्य से कराने का हर सम्भव प्रयास किया जाएगा कार्यक्रम का संचालन कन्हैया लाल सरवर एव आभार नवीन व्यास द्वारा किया गया । कार्यक्रम में पाली संभाग प्रभारी महेन्द्र सिह मेड़तिया , सतीश जैन , रूप लाल मीणा , स्वरूपसिंह शक्तावत, तुलसीराम सुथार आदि मौजूद थे

# 15 लाख की अवैध शराब जब्त,कट्टों की आड़ में छुपाकर ले जा रहे थे गुजरात



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। पुलिस चुनावों की वजह से जबर्दस्त एक्टिव है। ऐसे में लगातार तस्कर पकड़े जारहे हैं। कुआं थाना पुलिस और एफएसटी की टीम ने चौरासी विधानसभा उपचुनाव के तहत अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस और एफएसटी टीम ने डूंगर सारण बॉर्डर पर अवैध शराब से भरी एक पिकअप को जब्त किया। पिकअप से पुलिस ने 15 लाख की शराब बरामद की है तथा ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। शराब तस्करी गेहूं के कट्टों की आड़ में की जा रही थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार चौरासी विधानसभा उपचुनाव को लेकर अवैध शराब तस्करी के खिलाफ विशेष निगरानी है। टीमें 24 धंटे चौकस है। कुआं थाना क्षेत्र में राजस्थान-गुजरात के डूंगर सारण बॉर्डर पर कुआं थाना पुलिस और एफएसटी की ओर से नाकेबंदी की गई थी। इस दौरान ढूंढी की तरफ से आ रही एक पिकअप को रुकवाया गया। पुलिस पूछताछ में पिकअप ड्राइवर ने अपना नाम मुकेश बंजारा निवासी दाहोद बताया। वहीं, पिकअप में गेहूं के कट्टे भरा होना बताया। पिकअप की तलाशी में गेहूं के कट्टों के नीचे शराब के कार्टन छिपे मिले। जब्त कर आबकारी अधिनियम में ड्राइवर मुकेश को गिरफ्तार किया। कुल 178 कार्टन एमपी में बनी बरामद की गई।

# बांसवाड़ा में गुजरात पासिंग की गाड़ियों से वसूला रेवेन्यू:डीटीओ बोले- बकाया टैक्स होने पर करेंगे कार्रवाई, अब 7 दिन में दो करोड़ का टारगेट



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा. बांसवाड़ा जिला परिवहन विभाग ने शनिवार को गुजरात पासिंग की गाड़ियों पर कार्रवाई कर वाहनों को जब्त किया। विभागीय टीम ने आज सुबह करीब 9 बजे गढ़ी थाने के बाहर गढ़ी परतापुर क्षेत्र में कई वाहन को रुकवाकर जांच की, जिसमें सामने आया कि गाड़ियों के मालिक राजस्थान के है और गाड़ियां गुजरात की है। जिसको देखते हुए बांसवाड़ा परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर हेमेंद्र सिंह ने 10 वाहनों के चालान बनाए।

डीटीओ एन.एन.शाह ने बताया- अन्य राज्यों में पंजीकृत LMV वाहनों के स्वामियों द्वारा पूर्णरूप से मदद करने एंव विभागीय उड़नदस्तों की छापेमार कार्यवाही से 15 दिन के अभियान में अब तक करीब 250 वाहनों से 1 करोड़ 80 लाख राजस्व विभाग के ऑन लाइन अकाउंट में जमा हो गया है। अभी भी कार्यालय में प्रतिदिन कई वाहन स्वामी अपने वाहन का कर कितना देय होगा व छूट कितनी प्राप्त होगी, उसकी जानकारी प्राप्त करने के लिए आ रहे है। दीपावली के त्योहार में वाहनों को सीज करने की कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी वाहन मालिकों से आग्रह किया है कि स्वयं कार्यालय में कर जमा करवा सकते है।

शाह ने बताया- माह अक्टूबर का लक्ष्य ओटीटी मद में 7 करोड़ 63 लाख व नॉन ओटीटी मद में 3 करोड़ 30 लाख कुल 10 करोड़ 66 लाख का दिया है। जिसके विरुद्ध विभाग ने अब तक 9 करोड़ के करीब राजस्व प्राप्त कर लिया है। आने वाले 7 दिनों में करीब 2 करोड़ का राजस्व विभाग को और अर्जित करना है।

# भक्तिमय सत्संग का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सर्व समाज सत्संग महिला मंडल द्वारा सी ब्लॉक सेक्टर 9 में भक्तिमय सत्संग का आयोजन किया गया। मधुबाला पूर्बिया ने बताया कि सत्संग मंडली ने एक से बढ़कर एक भक्ति भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कोई मंजीरा, तो कोई ढोलक की थाप, तो छंग बजाने में आनंद लेने में मग्न थीं। महिलाएं भक्तिमय भजनों में झुमने का आनंद लिया। राधा कृष्ण, राम सीता, शिव पार्वती के भजनों का खुब गुणगान किया। कार्यक्रम में इंदुबाला , मधुबाला व निलम पूर्बिया,प्रभा गिरी गोस्वामी, उर्मिला अग्रवाल,मधु लक्षकार, सुशीला डाबरिया, मांगी बाई चौधरी, अनिता चौबीसा, मंजू मादावत, शारदा आचार्य, किरण बाला वैष्णव,वेलू पटेल, सुषमा शुक्ला, विकसित चौहान , रेणु, अरुणा दशोरा, पुष्पलता, लक्ष्मी सुथार, भगवती नागदा, भंवर कुंवर सहित सर्व समाज महिला मंडल की सभी सदस्य उपस्थित थीं।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।